समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# न्यूयॉर्क मे है दुंनिया के सबसे ज्यादा अरबपति, भारत से सिर्फ मुंबई टॉप-10 मे शामिल।

Publisher | Published on 01 Jul 2025



## फोर्ब्स 2025 की रिपोर्ट मे न्यूयॉर्क बना दुनिया का अरबपति राजधानी, जबकि भारत से सिर्फ मुंबई ने टॉप-10 मे बनाई जगह, दिल्ली और बेगंलुरु हुए पीछे।

**न्यूयॉर्क एक बार फिर बना दुनिया का 'अरबपति शहर'**
**फोर्ब्स 2025** द्वारा जारी **दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट** में न्यूयॉर्क शहर ने एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, **न्यूयॉर्क** में **123 अरबपति** रहते हैं जिनकी **कुल संपत्ति 759 अरब डॉलर** है। यह संख्या किसी भी अन्य शहर से सबसे अधिक है।

हालांकि साल 2021 में बीजिंग ने एक बार इस सूची में पहला स्थान लिया था, लेकिन तब से लेकर अब तक न्यूयॉर्क लगातार नंबर-1 बना हुआ है। यहां के ज्यादातर **अरबपति फाइनेसं, रियल एस्टेट** और **रिटेल कारोबार** से जुड़े हुए हैं।

**टॉप-10 अरबपति शहरों की लिस्ट (Forbes 2025 अनुसार):**

| **रैकं** | **शहर** | **अरबपतियों की संख्या** | **कुल संपत्ति (अरब डॉलर)** |
|---|---|---|---|
| 1 | न्यूयॉर्क (अमेरिका) | 123 | 759 |
| 2 | मॉस्को (रूस) | 90 | 409 |
| 3 | हांगकांग | 72 | 309 |
| 4 | लंदन (यूके) | 71 | 355 |
| 5 | बीजिंग (चीन) | 68 | 273 |
| 6 | मुंबई (भारत) | 67 | 349 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | सिंगापुर | 60 | 259 |
| 8 | सैन फ्रांसिस्को | 58 | 198 |
| 9 | लॉस एंजेलेस | 56 | 243 |
| 10 | शंघाई | 54 | 196 |

**भारत से मुंबई ने दिखाई ताकत**

भारत की आर्थिक राजधानी **मुंबई** ने इस सूची में **छठवां स्थान** हासिल किया है, जो न केवल **दिल्ली** और **बेगंलुरु** बल्कि दुनिया के कई बड़े शहरों से आगे निकल गया है। मुंबई में इस समय **67 अरबपति** हैं, जिनकी कुल **संपत्ति 349 बिलियन डॉलर** आंकी गई है।

मुंबई के अरबपति रियल एस्टेट, फार्मा, मैन्युफैक्चरिंग, मीडिया और फाइनेंस सेक्टर से जुड़े हुए हैं। **मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला, राधाकिशन दमानी** जैसे नाम इसमें शामिल हैं।

**अरबपति क्यों चुनते है ये शहर ?**

विशेषज्ञों के मुताबिक, इन शहरों में अरबपतियों के बसने की वजह है:

१. **मजबूत व्यापारिक इकोसिस्टम**
२. **सरल टैक्स और निवेश नीतियां**
३. **वैश्विक कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर**
४. **स्टार्टअप और इनोवेशन हब**

इस रिपोर्ट से साफ है कि **न्यूयॉर्क** आज भी दुनिया का **आर्थिक इंजन** बना हुआ है, लेकिन भारत के लिए खुशी की बात यह है कि **मुंबई** जैसी तेज़ी से बढ़ती महानगरी अब वैश्विक अमीरी के नक्शे पर मजबूती से खड़ी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.